भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1120

सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

हरित और पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देना

1120. श्री संदिपनराव आसाराम भुमरेः

श्री ज्ञानेश्वर पाटीलः

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकरः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में हरित और पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना बनाई है/बनाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद), मुम्बई और कोंकण क्षेत्र सहित महाराष्ट्र के विभिन्न पर्यटन स्थलों का कोई मूल्यांकन किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या इस संबंध में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के राज्य सरकारों से प्राप्त कोई प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास लंबित हैं;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(छ) उक्त प्रस्तावों पर सरकार कब तक निर्णय लेगी; और

(ज) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ज): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। वर्तमान में चल रही गतिविधियों के हिस्से के रूप में, इको पर्यटन और स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देना भी शुरू किया गया है। देश में इको पर्यटन और स्थायी पर्यटन के विकास को गति प्रदान करने के लिए, पर्यटन मंत्रालय ने इको पर्यटन और स्थायी पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है। इसके साथ ही देश में स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों तथा पर्यटन व्यवसायों से जुड़े लोगों को स्थायी पर्यटन प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु ट्रैवल फॉर लाइफ कार्यक्रम (एलआईएफई) भी शुरू किया है।

पर्यटन मुख्य रूप से राज्य सरकार से संबंधित विषय है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी योजनाओं के तहत देश में पर्यटन से संबंधित अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों/ केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत विषयगत परिपथों से एक के रूप में इको परिपथ को चिह्नित किया है।

पर्यटन मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों और स्थानीय सरकारों के साथ साझेदारी में पर्यटन गंतव्यों के एकीकृत विकास के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करने के मिशन के साथ अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के तौर पर नया रूप दिया है।

स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत "चुनौती आधारित गंतव्य विकास" नामक उप-योजना का उद्देश्य संपूर्ण पर्यटन वैल्यू श्रृंखला में पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक गंतव्य का समग्र विकास करना है, ताकि हमारे पर्यटन गंतव्यों को स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त गंतव्यों के रूप में परिवर्तित किया जा सके।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

****

अनुबंध

श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे, श्री ज्ञानेश्वर पाटील और श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर द्वारा हरित और पारिस्थितिकी पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. **1120** के भाग (क) से (ज) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के तहत मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में स्वीकृत परियोजनाएं

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	परिपथ / स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी राशि*	उपयोग की गई राशि	वास्तविक स्थिति (%)	क्रियान्वयन एजेंसी
1.	मध्य प्रदेश	वन्यजीव परिपथ 2015-16	पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-डुबरी-बांधवगढ़-कान्हा - मुक्की-पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास	92.10	86.31	86.31	पूर्ण	मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम
2.	मध्य प्रदेश	बौद्ध परिपथ 2016-17	साँची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास	74.02	72.75	72.75	पूर्ण	मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम
3.	मध्य प्रदेश	विरासत परिपथ 2016-17	ग्वालियर-ओरछा-खजुराहो-चंदेरी - भीमबेटका-मांडू का विकास	89.82	89.49	89.49	पूर्ण	मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम
4.	मध्य प्रदेश	इको परिपथ 2017-18	गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध-ओंकारेश्वर बांध-इंदिरा सागर बांध -तवा बांध- बरगी बांध-भेड़ाघाट - बाणसागर बांध-केन नदी का विकास	93.76	93.59	93.59	पूर्ण	मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम
5.	महाराष्ट्र	तटीय परिपथ	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर ,	19.06	18.10	17.61	पूर्ण	महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम

		2015-16	तारकरली , विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), मितभव का विकास					
6.	महाराष्ट्र	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	वाकी - अदासा - धापेवाड़ा - पारदसिंघा - तेलनखंडी - गिराड का विकास	45.47	43.19	32.04	पूर्ण	नागपुर महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण

पर्यटन मंत्रालय की चुनौती आधारित गंतव्य विकास योजना के तहत स्वीकृत गंतव्यों की सूची

क्र. सं.	राज्य	गंतव्य	श्रेणी	वित्तपोषण राशि (करोड़ रु)
1.	मध्य प्रदेश	मांडू	संस्कृति और विरासत	25.00
2.	मध्य प्रदेश	ओरछा	आध्यात्मिक पर्यटन	25.00
3.	महाराष्ट्र	अहमदनगर	संस्कृति और विरासत	25.00

पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	राज्य	गंतव्य	एक्सपीरियंस का नाम	स्वीकृत लागत (करोड़ रु)
1.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	फूलबाग एक्सपीरियंस ज़ोन	16.73
2.	मध्य प्रदेश	चित्रकूट	चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस	27.21
3.	महाराष्ट्र	पुणे	शिवसृष्टि ऐतिहासिक थीम पार्क -चरण 3	76.22

******